आत्मनिर्भर बनें।

# बीपीएसएम विशेष व्याख्यान का आयोजन

**पल पल न्यूज: गोहाना, 15 सितंबर (अनिल जिंदल)।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग व राजनीति विज्ञान विभाग में आज अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग की प्राचार्य प्रो. (डा.) सुषमा जोशी द्वारा की गई। जिसमें उन्होंने लोकतंत्र के मूल्यों, उनके महत्व एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा की। प्रो. जोशी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिकों को लोकतंत्र की भावना से परिचित कराना और उनमें सक्रिय नागरिकता की पूर्णता जागृत करना है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रामपाल ने अपने संबोधन में लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती प्रदान करने तथा युवाओं के इसको आचरण में अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने मुख्यतः लोकतंत्र के सिद्धांत - समानता, स्वतंत्रता, संयोगिता एवं जवाबदेही पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला और कहा कि लोकतंत्र तभी प्रभावी हो सकता है जब नागरिक सजग और जिम्मेदार हों।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए और लोकतांत्रिक व्यवस्था के सामने आ रही चुनौतियों पर चर्चा की। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम की संयोजक सहायक प्रोफेसर डॉ. ममता रानी ने किया।

# बीपीएस विश्वविद्यालय में चल रहे साप्ताहिक रूसी भाषा एवं अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर कार्यक्रम का हुआ समापन



विश्वविद्यालय की छात्राओं के साथ रुसी शिक्षिका।

गोहाना, 15 सितम्बर (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (बीपीएसएमवी) के विदेशी भाषा विभाग ने रूस की मिनिन यूनिवर्सिटी के सहयोग से एक साप्ताहिक रूसी भाषा एवं अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोज़र कार्यक्रम रूसी चरित्र: भाषा के आईने में का आयोजन किया। जिसमें 200 से अधिक छात्राओं को रूसी संघ के शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। समापन समारोह में रूसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रमाणपत्र वितरण शामिल थे। प्रो. इप्शिता बंसल, ने बतौर मुख्य अतिथि तथा विशेष उपस्थिति में रूस की मिनिन यूनिवर्सिटी से आई विजिटिंग फैकल्टी डॉ. नयोझदा कोटल्यारेव्स्काया, विदेशी भाषा विभाग की अध्यक्ष डॉ. माथाचन के. जे., तथा कार्यक्रम संयोजिका डॉ. विदुषी शर्मा उपस्थित रही। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. विदुषी शर्मा ने बताया कि सप्ताह भर चले कार्यक्रम में छात्राओं को रूसी भाषा एवं संस्कृति से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने के लिए विविध गतिविधियां, दूसरे दिन कन्या गुरुकुल भ्रमण; सिरिलिक लिपि एवं उच्चारण, तीसरे दिन मत्र्योश्का गुड़िया, पारंपरिक परिधान एवं शिष्टाचार कार्यशाला तथा रोल-प्ले एवं आत्म-परिचय, चौथे दिन मिनिन यूनिवर्सिटी में छात्रवृत्ति, क्रेडिट एक्सचेंज एवं अध्ययन अवसरों पर संवाद , पांचवे दिन रूसी व्यंजन, शिष्टाचार एवं चाय-समारोह का व्यावहारिक अनुभव, दैनिक संवाद तथा छठे दिन पुनरावलोकन सत्र व प्रश्न उत्तर सत्र आयोजित किया गया।

पंजाब केसरी
TUE, 16 SEPTEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 4

# लोकतंत्र तभी प्रभावी जब नागरिक हों सजग : डॉ. रामपाल




लोकतंत्र दिवस पर व्याख्यान देते हुए डॉ. रामपाल। (अरोड़ा)

गोहाना, 15 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीच्यू ऑफ हायर लर्निंग और राजनीति विज्ञान विभाग में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। अध्यक्षता इंस्टीच्यूट प्रिंसीपल डॉ. सुषमा जोशी ने की। संयोजन सहायक प्रोफैसर डॉ. ममता ने किया।

मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रामपाल रहे। उन्होंने लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती प्रदान करने तथा युवाओं के इसको आचरण में अपनाने पर जोर दिया।

उन्होंने मुख्यत: लोकतंत्र के सिद्धांत- समानता, स्वतंत्रता, संयोगिता एवं जवाबदेही पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला और कहा कि लोकतंत्र तभी प्रभावी हो सकता है जब नागरिक सजग और जिम्मेदार हों।

प्रिंसीपल डॉ. सुषमा जोशी ने लोकतंत्र के मूल्यों, उनके महत्व एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा की। उनके अनुसार इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिकों को लोकतंत्र की भावना से परिचित कराना और उनमें सक्रिय नागरिकता की पूर्णता जागृत करना है।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए और लोकतांत्रिक व्यवस्था के सामने आ रही चुनौतियों पर चर्चा की।

पंजाब केसरी
TUE,16 SEPTEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# रूसी भाषा कार्यक्रम की प्रतिभागी छात्राओं को मिले प्रमाणपत्र

गोहाना, 15 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के विदेशी भाषा विभाग ने रूस की मिनिन यूनिवर्सिटी के सहयोग से एक साप्ताहिक रूसी भाषा एवं अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर कार्यक्रम 'रूसी चरित्र: भाषा के आईने में' का आयोजन किया, जिसकी प्रतिभागी छात्राओं को रूस के शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

समापन समारोह में अंतर्राष्ट्रीय मामलों की निदेशक प्रो. इप्शिता बंसल मुख्य अतिथि रहीं। विशेष उपस्थिति में रूस की मिनिन यूनिवर्सिटी से आई विजिटिंग फैकल्टी डॉ. नयोझदा कोटल्यारेव्स्काया, विदेशी भाषा विभाग की अध्यक्ष डॉ. माथाचन के. जे., तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. विदुषी शर्मा उपस्थित रहीं।

डॉ. विदुषी शर्मा ने बताया कि सप्ताह भर चले इस कार्यक्रम में छात्राओं को रूसी भाषा एवं संस्कृति से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की गईं जिसमें पहले दिन उद्घाटन एवं परिचयात्मक व्याख्यान 'रूसी चरित्र: भाषा के आईने में' का आयोजन हुआ।



रूस की शिक्षिका के साथ महिला विश्वविद्यालय की छात्राएं। (अरोड़ा)

दूसरे दिन कन्या गुरुकुल भ्रमण; सिरिलिक लिपि एवं उच्चारण कार्यशाला, तीसरे दिन मत्र्योश्का गुड़िया, पारंपरिक परिधान एवं शिष्टाचार कार्यशाला तथा रोल-प्ले एवं आत्म-परिचय का हुआ।

चौथे दिन मिनिन यूनिवर्सिटी में छात्रवृत्ति, क्रैडिट एक्सचेंज एवं अध्ययन अवसरों पर संवाद किया गया। 5वें दिन रूसी व्यंजन, शिष्टाचार एवं चाय-समारोह का व्यावहारिक अनुभव, दैनिक संवाद पर सत्र का आयोजन किया गया। छठे दिन पुनरावलोकन सत्र व प्रश्न उत्तर सत्र आयोजित किया गया।

प्रो. इप्शिता बंसल ने कहा कि यह पहल न केवल छात्राओं को प्रत्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर प्रदान करने में सफल रही, बल्कि क्रैडिट एक्सचेंज, भविष्य की छात्र गतिशीलता और शोध सहयोग जैसे नए अवसर भी खोले।

पंजाब केसरी
TUE,16 SEPTEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# आयुर्वेद दिवस पर महिला विश्वविद्यालय में हुई दौड़

गोहाना, 15 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को एम.एस.एम. आयुर्वेद संस्थान द्वारा 'आयुर्वेद के लिए दौड़' का आयोजन किया गया।

वी.सी. प्रो. सुदेश ने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। यह पद्धति केवल रोग निदान के लिए ही नहीं है बल्कि रोगों से बचाव के लिए भी कारगार है। आज समस्त विश्व भारत की आयुर्वेद पद्धति का अनुकरण कर रहा है। उन्होंने कहा कि महिला विश्वविद्यालय स्थित आयुर्वेद संस्थान समाज को स्वस्थ रखने में अपनी भूमिका जिम्मेदारी के साथ निभा रहा है।



आयुर्वेद के लिए दौड़ में भाग लेते हुए प्राध्यापक और छात्राएं। (अरोड़ा)

संस्थान के प्रिंसीपल डॉ. ए.पी. नायक की अध्यक्षता में दौड़ की शुरूआत विश्वविद्यालय परिसर स्थित भगत फूल सिंह जी की प्रतिमा से हुई और विस्तृत परिक्रमा के बाद इसका समापन एम.एस.एम. आयुर्वेद संस्थान के मुख्य द्वार पर किया गया।

इस अवसर पर प्रतिभागियों ने आयुर्वेद के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया। दौड़ का आयोजन डॉ. शोभा, डॉ. वीना, डॉ. पंकज एवं डॉ. अनिल द्वारा किया गया।

# बीपीएसएमवी मे रूसी भाषा एवं अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोज़र कार्यक्रम "रूसी चरित्रः भाषा के आईने में" का सफल आयोजन

जन जागरण संदेश

**खानपुर कलां / गोहाना,** (अनिल जिंदल ),15 सितम्बर : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (बीपीएसएमवी) के विदेशी भाषा विभाग ने रूस की मिनिन यूनिवर्सिटी के सहयोग से एक साप्ताहिक रूसी भाषा एवं अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोज़र कार्यक्रम "रूसी चरित्रः भाषा के आईने में" का सफल आयोजन किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के अंतर्गत, 200 से अधिक छात्राओं को रूसी संघ के शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए, जिससे इस कार्यक्रम की अंतर्राष्ट्रीय मान्यता और शैक्षणिक गंभीरता उजागर हुई। कार्यक्रम के समापन समारोह में रूसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रमाणपत्र वितरण शामिल थे। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय मामलों की निदेशक प्रो. इप्शिता बंसल, ने बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। विशेष उपस्थिति में रूस की मिनिन यूनिवर्सिटी से आई विजिटिंग फैकल्टी डॉ. नयोझदा कोटल्यारेव्स्काया, विदेशी भाषा विभाग की अध्यक्ष डॉ. माथाचन के. जे., तथा कार्यक्रम संयोजिका डॉ. विदुषी शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. विदुषी शर्मा ने बताया कि सप्ताह भर चले इस कार्यक्रम में छात्राओं को रूसी भाषा एवं संस्कृति से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की गई जिसमे पहले दिन उद्घाटन एवं परिचयात्मक व्याख्यान - "रूसी चरित्रः भाषा के आईने में" का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में दूसरे दिन कन्या गुरुकुल भ्रमण; सिरिलिक लिपि एवं उच्चारण कार्यशाला। वही तीसरे दिन मत्र्योश्का गुड़िया, पारंपरिक परिधान एवं शिष्टाचार कार्यशाला तथा रोल-प्ले एवं आत्म-परिचय का आयोजन किया गया। चौथे दिन मिनिन यूनिवर्सिटी में छात्रवृत्ति, क्रेडिट एक्सचेंज एवं अध्ययन अवसरों पर संवाद किया गया। पांचवे दिन रूसी व्यंजन, शिष्टाचार एवं चाय-समारोह का व्यावहारिक अनुभव, दैनिक संवाद पर सत्र का आयोजन किया गया। छठे दिन पुनरावलोकन सत्र व प्रश्न उत्तर सत्र आयोजित किया गया। प्रो इप्शिता बंसल ने कहा कि यह पहल न केवल छात्राओं को प्रत्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोज़र प्रदान करने में सफल रही, बल्कि क्रेडिट एक्सचेंज, भविष्य की छात्र गतिशीलता और शोध सहयोग जैसे नए अवसर भी खोले। इसने बीपीएसएमवी की शैक्षणिक उत्कृष्टता और सांस्कृतिक एकीकरण की दृष्टि को सशक्त किया तथा भारत-रूस संबंधों को और गहरा बनाया।



# अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर व्याख्यान का आयोजन

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग व राजनीति विज्ञान विभाग में आज अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुषमा जोशी ने की। उन्होंने लोकतंत्र के मूल्यों, उनके महत्व एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा की। प्रो् जोशी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिकों को लोकतंत्र की भावना से परिचित कराना और उनमें सक्रिय नागरिकता की पूर्णता जागृत करना है । मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रामपाल ने लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती प्रदान करने तथा युवाओं के इसको आचरण में अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने मुख्यतः लोकतंत्र के सिद्धांत, समानता, स्वतंत्रता, संयोगिता एवं जवाबदेही पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम की संयोजक सहायक प्रो. (डॉ.) ममता रानी ने किया।

रूस की मिनिन यूनिवर्सिटी के सहयोग से महिला विवि में आयोजित कार्यक्रम संपन्न

# रूसी संघ के शिक्षा मंत्रालय ने छात्राओं को सौंपे प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (बीपीएसएमवी) के विदेशी भाषा विभाग ने रूस की मिनिन यूनिवर्सिटी के सहयोग से साप्ताहिक रूसी भाषा एवं अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर कार्यक्रम रूसी चरित्र भाषा के आईने में का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत 200 से अधिक छात्राओं को रूसी संघ के शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए, जिससे इस कार्यक्रम की अंतरराष्ट्रीय मान्यता और शैक्षणिक गंभीरता उजागर हुई। कार्यक्रम के समापन समारोह में रूसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रमाणपत्र वितरण शामिल थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय मामलों की निदेशक प्रो. इप्शिता बंसल रहीं। रूस की मिनिन यूनिवर्सिटी से आई विजिटिंग फैकल्टी डॉ. नयोझदा कोटल्यारेव्स्काया और विदेशी भाषा विभाग की अध्यक्ष डॉ. माथाचन केजे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. विदुषी शर्मा ने बताया कि सप्ताह भर चले इस कार्यक्रम में छात्राओं को रूसी भाषा एवं संस्कृति से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रो. इप्शिता बंसल ने कहा कि यह पहल न केवल छात्राओं को प्रत्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर प्रदान करने में सफल रही बल्कि क्रेडिट एक्सचेंज, भविष्य की छात्र गतिशीलता और शोध सहयोग जैसे नए अवसर भी खोले।



गोहाना। समापन समारोह में महिला विवि की छात्राओं के साथ रूसी शिक्षिका।

# एमएसएम आयुर्वेद संस्थान में आयुर्वेद के लिए दौड़ का आयोजन

# आयुर्वेद भारत की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में एमएसएम आयुर्वेद संस्थान द्वारा आयुर्वेद के लिए दौड़ का आयोजन किया गया। संस्थान में शिक्षक और छात्राएं खूब दौड़े। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. शोभा, डॉ. वीना, डॉ. पंकज एवं डॉ. अनिल ने किया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। यह पद्धति केवल रोग निदान के लिए ही नहीं बल्कि रोगों से बचाव के लिए भी कारगार है। आज समस्त विश्व भारत की आयुर्वेद पद्धति का अनुकरण कर रहा है। महिला विश्वविद्यालय स्थित आयुर्वेद संस्थान समाज को स्वस्थ रखने में अपनी भूमिका जिम्मेदारी के साथ निभा रहा है।




गोहाना। आयुर्वेद के लिए दौड़ लगाते संस्थान के शिक्षक व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## आयुर्वेद के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संकल्प

संस्थान के प्राचार्य डॉ. एपी नायक ने बताया कि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अध्यापकों, कर्मचारियों, छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर स्थित भगत फूल सिंह की प्रतिमा से हुई और विस्तृत परिक्रमा के बाद आयुर्वेद संस्थान के मुख्य द्वार पर पर हुआ। डॉ. नायक ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य जन-जन तक आयुर्वेद के महत्व को पहुंचाना एवं आमजन को स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद अपनाने हेतु प्रेरित करना था। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने आयुर्वेद के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया।

# लोकतंत्र की प्रासंगिकता को बताया



विश्वविद्यालय में प्रो. रामपाल छात्राओं को संबोधित करते हुए • सौ. प्रवक्ता

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ हायर लर्निंग व राजनीति विज्ञान विभाग में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता इंस्टीट्यूट आफ हायर लर्निंग की प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी ने की। उन्होंमे लोकतंत्र के मूल्यों, उनके महत्व एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. रामपाल ने लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती प्रदान करने और युवाओं के इसको आचरण में अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी प्रभावी हो सकता है जब नागरिक सजग और जिम्मेदार हों। कार्यक्रम का संयोजन डा. ममता रानी ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए और लोकतांत्रिक व्यवस्था के सामने आ रही चुनौतियों पर चर्चा की।

# आयुर्वेद को अपनाने का आह्वान



विश्वविद्यालय में दौड़ते हुए आयुर्वेद संस्थान के शिक्षक व छात्राएं • जागरण

जासं, गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में सोमवार को आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में एमएसएम आयुर्वेद संस्थान द्वारा आयुर्वेद के लिए दौड़ का आयोजन किया गया। संस्थान में शिक्षकों और छात्राओं ने दौड़ लगाकर आयुर्वेद को अपनाने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। यह पद्धति केवल रोग निदान के लिए ही नहीं बल्कि रोगों से बचाव के लिए भी कारगर है। महिला विश्वविद्यालय का आयुर्वेद संस्थान समाज को स्वस्थ रखने में अपनी भूमिका जिम्मेदारी के साथ निभा रहा है। संस्थान के प्राचार्य डा. एपी नायक के अनुसार दौड़ में अध्यापकों, कर्मचारियों, छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ की शुरुआत भगत फूल सिंह की प्रतिमा के सामने से शुरू हुई।

# छात्राओं ने रूसी संस्कृति व सभ्यता को जाना



समापन समारोह में छात्राएं रूसी शिक्षक डा. नयोझदा के साथ में • सौ. प्रवक्ता

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के विदेशी भाषा विभाग ने रूस की मिनिन यूनिवर्सिटी के सहयोग से साप्ताहिक रूसी भाषा एवं अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर कार्यक्रम रूसी चरित्र–भाषा के आईने में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में रूसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। प्रतिभागी छात्राओं को रूसी संघ के शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय मामलों की निदेशक प्रो. इप्सिता बंसल रहीं। रूस की मिनिन यूनिवर्सिटी से आईं डा. नयोझदा कोटल्यारेव्स्काया और विदेशी भाषा विभाग की अध्यक्ष डा. माथाचन केजे मौजूद रही। कार्यक्रम संयोजक डा. विदुषी शर्मा ने बताया कि सप्ताह भर चले कार्यक्रम में छात्राओं को रूसी भाषा एवं संस्कृति से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। मुख्य अतिथि बंसल बंसल ने कहा कि यह पहल न केवल छात्राओं को प्रत्यक्ष अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर प्रदान करने में सफल रही बल्कि क्रेडिट एक्सचेंज, भविष्य की छात्र गतिशीलता और शोध सहयोग जैसे नए अवसर भी खोले।

# लोकतंत्र तभी प्रभावी जब नागरिक हों सजग : डॉ. रामपाल



*लोकतंत्र दिवस पर व्याख्यान देते हुए डॉ. रामपाल।* (अरोड़ा)

गोहाना, 15 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीच्यू ऑफ हायर लर्निंग और राजनीति विज्ञान विभाग में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। अध्यक्षता इंस्टीच्यूट प्रिंसीपल डॉ. सुषमा जोशी ने की। संयोजन सहायक प्रोफैसर डॉ. ममता ने किया।

मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रामपाल रहे। उन्होंने लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती प्रदान करने तथा युवाओं के इसको आचरण में अपनाने पर जोर दिया।

उन्होंने मुख्यत: लोकतंत्र के सिद्धांत- समानता, स्वतंत्रता, संयोगिता एवं जवाबदेही पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला और कहा कि लोकतंत्र तभी प्रभावी हो सकता है जब नागरिक सजग और जिम्मेदार हों।

प्रिंसीपल डॉ. सुषमा जोशी ने लोकतंत्र के मूल्यों, उनके महत्व एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा की। उनके अनुसार इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिकों को लोकतंत्र की भावना से परिचित कराना और उनमें सक्रिय नागरिकता की पूर्णता जागृत करना है।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए और लोकतांत्रिक व्यवस्था के सामने आ रही चुनौतियों पर चर्चा की।

# आयुर्वेद दिवस पर महिला विश्वविद्यालय में हुई दौड़

गोहाना, 15 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को एम.एस.एम. आयुर्वेद संस्थान द्वारा 'आयुर्वेद के लिए दौड़' का आयोजन किया गया।

वी.सी. प्रो. सुदेश ने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। यह पद्धति केवल रोग निदान के लिए ही नहीं है बल्कि रोगों से बचाव के लिए भी कारगार है। आज समस्त विश्व भारत की आयुर्वेद पद्धति का अनुकरण कर रहा है। उन्होंने कहा कि महिला विश्वविद्यालय स्थित आयुर्वेद संस्थान समाज को स्वस्थ रखने में अपनी भूमिका जिम्मेदारी के साथ निभा रहा है।



आयुर्वेद के लिए दौड़ में भाग लेते हुए प्राध्यापक और छात्राएं।(अरोड़ा)

संस्थान के प्रिंसीपल डॉ. ए.पी. नायक की अध्यक्षता में दौड़ की शुरूआत विश्वविद्यालय परिसर स्थित भगत फूल सिंह जी की प्रतिमा से हुई और विस्तृत परिक्रमा के बाद इसका समापन एम.एस.एम. आयुर्वेद संस्थान के मुख्य द्वार पर किया गया।

इस अवसर पर प्रतिभागियों ने आयुर्वेद के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया। दौड़ का आयोजन डॉ. शोभा, डॉ. वीना, डॉ. पंकज एवं डॉ. अनिल द्वारा किया गया।

# लोकतंत्र के मूल्यों की प्रासंगिकता पर चर्चा

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग व राजनीति विज्ञान विभाग में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. डॉ. सुषमा जोशी ने लोकतंत्र के मूल्यों, उनके महत्व एवं वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिकों को लोकतंत्र की भावना से परिचित कराना और उनमें सक्रिय नागरिकता की पूर्णता जागृत करना है। राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉ. रामपाल ने लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती प्रदान करने व युवाओं को इसको आचरण में अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की संयोजक सहायक प्रो. डॉ. ममता रानी रहीं। संवाद

# रूसी संघ के शिक्षा मंत्रालय ने दिए प्रमाणपत्र



**महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां में छात्राओं के साथ रुसी शिक्षिका।** स्रोत : विवि

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के विदेशी भाषा विभाग ने रूस की मिनिन यूनिवर्सिटी के सहयोग से साप्ताहिक रूसी भाषा एवं अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें 200 से अधिक छात्राओं को रूसी संघ के शिक्षा मंत्रालय की ओर से प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय मामलों की निदेशक प्रो. इप्शिता बंसल रहीं। मिनिन यूनिवर्सिटी से आईं विजिटिंग फैकल्टी डॉ. नयोझदा कोटल्यारेव्स्काया और विदेशी भाषा विभाग की अध्यक्ष डॉ. माथाचन केजे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. विदुषी शर्मा ने बताया कि सप्ताहभर चले इस कार्यक्रम में छात्राओं को रूसी भाषा एवं संस्कृति से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। संवाद

# छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों से रूसी भाषा व संस्कृति की दी जानकारी



**गोहाना**। बीपीएस महिला विवि में रूस की मिनिन यूनिवर्सिटी के सहयोग से साप्ताहिक रूसी भाषा एवं अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर कार्यक्रम रूसी चरित्र : भाषा के आईने में का सोमवार को समापन हुआ। इसके तहत महिला विवि की छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से रूसी व संस्कृति की जानकारी दी गई। वहीं 200 से अधिक छात्राओं को रूसी संघ के शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

संयोजिका डॉ. विदुषी शर्मा के अनुसार छात्राओं को रूसी भाषा एवं संस्कृति से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने के लिए सप्ताह भर में कन्या गुरुकुल भ्रमण, कार्यशाला, संवाद समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय मामलों की निदेशक प्रो. इप्शिता बंसल ने कहा कि यह पहल न केवल छात्राओं को प्रत्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर प्रदान करने में सफल रही, बल्कि क्रेडिट एक्सचेंज, भविष्य की छात्र गतिशीलता और शोध सहयोग जैसे नए अवसर भी खोले। इसके साथ ही महिला विवि की शैक्षणिक उत्कृष्टता और सांस्कृतिक एकीकरण की दृष्टि को सशक्त किया तथा भारत-रूस संबंधों को और गहरा बनाया। इस मौके पर मिनिन यूनिवर्सिटी से आई विजिटिंग फैकल्टी डॉ. नयोझदा कोटल्यारेव्स्काया, विदेशी भाषा विभाग की अध्यक्ष डॉ. माथाचन केजे आदि मौजूद रहे।

# नागरिक सजग और जिम्मेदार से ही लोकतंत्र होगा प्रभावित'



गोहाना| बीपीएस महिला विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग व राजनीति विभाग में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. रामपाल ने बतौर मुख्य वक्ता लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती प्रदान करने तथा युवाओं के इसको आचरण में अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने लोकतंत्र के सिद्धांत, समानता, स्वतंत्रता, संयोगिता एवं जवाबदेही पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी प्रभावी हो सकता है, जब नागरिक सजग और जिम्मेदार हों। संस्थान की प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं नागरिकों को लोकतंत्र की भावना से परिचित कराना और उनमें सक्रिय नागरिकता की पूर्णता जागृत करना है। इस दौरान छात्राओं ने भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के सामने आ रही चुनौतियों पर चर्चा की। इस मौके पर सहायक प्रोफेसर डॉ. ममता रानी भी मौजूद रही।

# दौड़ के माध्यम से आमजन को आयुर्वेद अपनाने का दिया संदेश



**गोहाना|** बीपीएस महिला विवि के माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान में सोमवार को आयुर्वेद दिवस पर दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ की शुरुआत विवि परिसर स्थित भगत फूल सिंह की प्रतिमा से हुई, जिसका समापन आयुर्वेद संस्थान के मुख्य द्वार पर किया गया। इसके माध्यम से अध्यापकों, कर्मचारियों व छात्राओं ने आमजन को आयुर्वेद अपनाने का संदेश दिया। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। यह पद्धति केवल रोग निदान के लिए ही नहीं है, बल्कि रोगों से बचाव के लिए भी कारगर है। आज समस्त विश्व भारत की आयुर्वेद पद्धति का अनुकरण कर रहा है। महिला विवि स्थित आयुर्वेद संस्थान भी समाज को स्वस्थ रखने में अपनी भूमिका जिम्मेदारी के साथ निभा रहा है। वहीं संस्थान के प्राचार्य डॉ. एपी नायक के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य जन-जन तक आयुर्वेद के महत्व को पहुंचाना व आमजन को स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान प्रतिभागियों ने आयुर्वेद के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर डॉ. शोभा, डॉ. वीना, डॉ. पंकज, डॉ. अनिल आदि मौजूद रहे।